

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur

अटल आरोग्य लैब की लगातार गलत रिपोर्ट से मरीज परेशान, दोबारा टेस्ट कराने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल और सिविल अस्पतालों में संचालित अटल आरोग्य लैब की जांच रिपोर्टों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने लगी हैं। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति की एचआईवी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव बताए जाने का मामला सामने आया था। अब सिकलसेल जांच में एक 16 वर्षीय बालिका की रिपोर्ट पहले पॉजिटिव और उसी दिन दोबारा जांच कराने पर निगेटिव आने से लैब की जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय बालिका भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची थी। डॉक्टर की सलाह पर उसके खून की जांच कराई गई। सिकलसेल जांच के लिए सैंपल 7 अक्टूबर को जिला अस्पताल दुर्ग स्थित अटल आरोग्य लैब भेजा गया। बताया जा रहा है कि 8 अक्टूबर को आई रिपोर्ट में बालिका को सिकलसेल पॉजिटिव बताया गया। रिपोर्ट देखकर बालिका और उसके परिजन चिंतित हो गए। सिकलसेल पॉजिटिव आने की जानकारी के बाद परिवार ने रिपोर्ट की दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया। इसके बाद 8 अक्टूबर को ही बालिका की दोबारा सिकलसेल जांच कराई गई। हैरानी की बात यह रही कि इस बार रिपोर्ट में बालिका को सिकलसेल निगेटिव बताया गया। एक ही दिन में एक ही बालिका की जांच के बाद पॉजिटिव और फिर निगेटिव रिपोर्ट सामने आने से परिजन भी असमंजस में हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर दोनों रिपोर्टों में इतना बड़ा अंतर कैसे आया?

16 साल की बालिका पहले पॉजिटिव, उसी दिन दोबारा टेस्ट में निकली निगेटिव

एक के बाद एक शिकायतों से उठ रहे सवाल

अटल आरोग्य लैब की जांच रिपोर्ट को लेकर यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले एचआईवी जांच रिपोर्ट को लेकर भी शिकायत सामने आई थी, जिसमें एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव बताए जाने के बाद मामले को लेकर सवाल उठे थे। अब सिकलसेल जांच में सामने आए इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की जांच व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि सरकारी अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही जांच की रिपोर्ट में ही अंतर सामने आने लगे तो मरीज और उनके परिजनों के लिए सही बीमारी का पता लगाना और आगे का इलाज तय करना मुश्किल हो सकता है।



जांच रिपोर्ट में गलती कहां हुई?

इस पूरे मामले में अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या सैंपल लेने में कोई गलती हुई? क्या सैंपल की जांच प्रक्रिया में तकनीकी समस्या आई? क्या रिपोर्ट तैयार करने में लापरवाही हुई? या फिर दोनों रिपोर्ट अलग-अलग तकनीकी जांच के आधार पर तैयार हुई हैं? स्वास्थ्य विभाग को मामले की जांच कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि एक ही मरीज की सिकलसेल रिपोर्ट कुछ घंटों के अंतराल में पॉजिटिव से निगेटिव कैसे हो गई।



की जाएगी जांच

सिकलसेल जांच की अलग-अलग रिपोर्ट की जानकारी मिली है। इसके लिए टीम गठित कर आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी। पता लगाया जाएगा कि यह मशीन की गलती है या किसी कर्मचारी की। जांच के बाद भी कुछ बता पाऊंगा।

डॉ. आशीषन कुमार मिंज
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल दुर्ग

खबर संक्षेप



अवैध शराब बेचते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई। शहर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने नदी रोड नयापारा तिराहा के पास कार्रवाई करते हुए 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 पौव्वा देशी शोले मसाला शराब बरामद की है। जब्त शराब की कुल मात्रा 6.3 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत करीब 3,500 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी रोड नयापारा तिराहा के पास एक युवक अपने पास शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी शुरू की। पुलिस टीम को देखकर मौके पर मौजूद युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान विक्की सारथी, उम्र 18 वर्ष, निवासी मठपारा वार्ड 3 दुर्ग के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 35 पौव्वा देशी शोले मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पौव्वे में 180 एमएल शराब थी। पुलिस के अनुसार सभी शराब के पौव्वे सीलबंद अवस्था में मिले। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कलामंदिर में स्वरांजलि कार्यक्रम आज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा 10 अक्टूबर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शाम 7:30 बजे से गजल गायक जगजीत सिंह की स्मृति में स्वरांजलि संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी तथा सुगम संगीत गायिका अंजलि शुक्ला तिवारी सहित अन्य कलाकारों द्वारा जगजीत सिंह की गजलों की प्रस्तुति दी जाएगी। तबला वादक भालचंद्र शेगेकर, बाँसुरी वादक दुष्यंत हरमुख, की-बोर्ड वादक साईं चक्रवर्ती, ऑक्टोपैड वादक देवव्रत मजुमदार एवं शहनाई वादक सतीश सिन्हा द्वारा सजीव संगीत संगत देंगे। प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

सफाई व्यवस्था प्लेसमेंट कर्मियों से और एसएलआरएम सेंटरों में खाद बनाने का प्रस्ताव

एमआईसी ने सफाई, स्ट्रीट लाइट, मांगलिक भवन संचालन सहित कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्ट्रीट लाइट के संधारण, विज्ञापन बोर्ड, आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों के अंतरण, मांगलिक भवन के संचालन तथा जलभराव और प्रदूषित जल की समस्या के समाधान सहित मैदान, मार्ग, डोमशेड, डामरीकरण एवं नाली निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर परिषद के सदस्यों ने प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित कार्यों के लिए सहमति प्रदान की।

डोम शेड निर्माण और डामरीकरण पर भी हुई चर्चा



वार्डों में सफाई व्यवस्था प्लेसमेंट एजेंसी के हवाले

नगर निगम क्षेत्र के वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सफाई कामगार उपलब्ध कराने के विषय को भी बैठक में शामिल किया गया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता तथा सफाई कार्यों के बेहतर संचालन पर चर्चा की गई। एसएलआरएम सेंटरों में एकत्रित कचरे के पृथक्करण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने के कार्य पर चर्चा पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने तथा गीले कचरे का उपयोग खाद बनाएंगे।

भवन व भूमि करयोग्य संपत्ति का होगा मूल्यांकन

एमआईसी में जोन क्रमांक-03 अंतर्गत संतोषी पारा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन को संचालन, प्रबंधन एवं संधारण के लिए 10 माह की अवधि हेतु दिए जाने के प्रस्ताव को सहमति दी। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम भवन/भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य निर्धारण नियम, 2021 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भवन एवं भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण किए जाने के विषय पर भी चर्चा की गई। संपत्तियों के मूल्य निर्धारण से संबंधित प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों ने सहमति दी ।

स्ट्रीट लाइट्स के संधारण कार्य को मंजूरी

निगम क्षेत्र में मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगी स्ट्रीट लाइटों के वार्षिक संचालन, संधारण एवं रखरखाव कार्य पर विचार किया गया। शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखना नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके लिए नियमित रखरखाव और खराब लाइटों को दुरुस्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जलभराव की समस्या दूर करने हुई चर्चा

शहर में जलभराव की समस्या को दूर करने, प्रदूषित जल से संबंधित परेशानियों का समाधान करने तथा जल संरक्षण के उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से जल रक्षा उपायों के अंतर्गत महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इसके लिए आईआईटी भिलाई के साथ अनुबंध कर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार कराने तथा उसे शासन को प्रेषित करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सातवें चरण के अंतर्गत रिक्त 111 आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों के अंतरण के लिए निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव पर परिषद में चर्चा की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से निगम की रिक्त संपत्तियों के अंतरण की कार्यवाही को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया।

चैता मैदान का होगा नाम परिवर्तन

वार्ड क्रमांक 28 प्रेम नगर स्थित चैता मैदान का नाम परिवर्तित कर स्वर्गीय श्री भगवान राय स्मृति चैता मैदान किए जाने पर सहमति दी गई। इसी प्रकार, 18 नंबर रोड से मुक्तिधाम तालाब तक जाने वाले मार्ग का नाम बदलकर स्वर्गीय विजय प्रकाश यादव छठ घाट मार्ग रखने के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक 38 सोनिया गांधी नगर में परशुराम चौक के पास प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के स्थल में परिवर्तन करने पर भी सहमति बनी। अब यह निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 25 स्थित लाल पानी टंकी परिसर में कराया जाएगा।

अधोसंरचना मद से छह विकास कार्य:
वार्ड क्रमांक 44 में अधोसंरचना मद से स्वीकृत छह विकास कार्यों के स्थल परिवर्तन किए जाने के संबंध में भी प्रस्ताव पर सहमति दी गई। इन कार्यों के स्थल परिवर्तन का उद्देश्य स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 कैलाश नगर में विद्युत पोल क्रमांक 21/340 से 21/347 तक तथा वार्ड क्रमांक 23 घासीदास नगर स्थित अटल आवास मार्ग पर डामरीकरण एवं नाली निर्माण कार्य से संबंधित प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान की गई।

ये रहे एमआईसी की बैठक में शामिल :
बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू एवं मालती ठाकुर उपस्थित रहे। अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त दिनेश कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, येशा लहरे, सुनील जैन, संजय वर्मा, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, अजय गौर, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, जावेद अली, राजेश पालवे, पलाश वैद्य एवं देवव्रत राजपूत आदि उपस्थित थे।

शिवनाथ नदी में डूबे 22 वर्षीय युवक का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के पास नहाने के दौरान तेज बहाव में बहे 22 वर्षीय युवक का शव दुर्ग एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया। मृतक की पहचान पंचशील नगर, दुर्ग निवासी निशांत सेन (22 वर्ष), पिता होरी लाल सेन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मोटर बोट और सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और सघन तलाशी अभियान शुरू किया। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को निशांत सेन शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के समीप नहाने गया था। इसी दौरान वह नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला सेनानी के निर्देशन में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान के दौरान प्रशिक्षित गोताखोर राजकुमार यादव और चंद्रप्रताप जंघेल ने तेज बहाव के बीच डिप डाइविंग कर सघन तलाशी अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाला गया। एसडीआरएफ टीम ने शव बरामद करने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए मौके पर मौजूद दुर्ग थाना पुलिस और परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। नदी और एनीकट के आसपास पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है।

- एसडीआरएफ ने चलाया सघन रेस्क्यू ऑपरेशन

नवरात्र को लेकर उपमुख्यमंत्री साव को आमंत्रण



भिलाई। नवरात्र के पावन पर्व पर खुर्सीपार भिलाई में माता रानी के आगमन और दर्शन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें खुर्सीपार भिलाई में माता रानी के आगमन एवं दर्शन के लिए सादर आमंत्रित किया। दया सिंह ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों को आमंत्रण कार्ड भेंट कर नवरात्र के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। माता रानी के स्वागत एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। दया सिंह ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करते हुए आयोजन में उनकी गरिमामयी उपस्थिति की अपेक्षा जताई।

रिसाली में संकल्प शिविर में आए 78 आवेदन, 52 का किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के 10 वार्डों के लिए सेवा संकल्प शिविर आत्मानंद विद्यालय रिसाली में लगाया गया। शुक्रवार को लगाए गए शिविर में शिकायत के अपेक्षा मांग अधिक है। शिविर में कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 52 का निराकरण दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा के मार्गदर्शन पर किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा शिविर में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। सबसे पहले पंजीयन काउन्टर तक पहुंचे नागरिकों से मुलाकात की। विधायक व महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं से कोई भी हितग्राही वंचित न रहे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों को महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी अनिल देशमुख, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, डॉ. सीमा साहू, रमा साहू समेत मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

गांजा बेचने निकले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक गंजपारा नदी रोड स्थित नयापारा मोड़ के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से 1.510 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी और एप्पल आईफोन 11 मोबाइल जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,50,500 रुपए बताई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली दुर्ग को सूचना मिली थी कि गंजपारा, नदी रोड स्थित नयापारा मोड़ के पास दो व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान रामकुमार विश्वकर्मा (19 वर्ष) और हर्ष साहू (18 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों राजनांदगांव जिले के अंजोरा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 1.510 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 75,500 रुपए बताई गई है।



भिलाई में हेरोइन बेचते पंजाब का आरोपी गिरफ्तार, 1.81 लाख का माल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस ब्रिज के नीचे राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे कथित रूप से हेरोइन चिट्टा बेच रहे पंजाब निवासी 45 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 8.79 ग्राम शुद्ध हेरोइन, एक मोबाइल फोन और नकदी समेत कुल 1,81,300 रुपए की सामग्री जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर को छावनी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पावर हाउस ब्रिज के नीचे राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे एक



व्यक्ति अवैध रूप से चिट्टा बेच रहा है। सूचना के आधार पर एसीसीयू और छावनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान जसवीर (45 वर्ष), निवासी भुट्टर सिबिया, थाना मेहता चौक, जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक झिल्ली सहित कुल 9.42 ग्राम पदार्थ बरामद किया। झिल्ली का वजन 0.63 ग्राम घटाने के बाद मादक पदार्थ का शुद्ध वजन 8.79 ग्राम पाया गया। पुलिस ने इसकी अनुमानित कीमत 1,75,800 रुपए बताई है। इसके अलावा आरोपी के पास से रेडमी कंपनी का लाल रंग का मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 5,000 रुपए है, और 500 रुपए नकद जब्त किए गए। इस तरह जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,81,300 रुपए बताई गई है।

बीएसपी में 8 साल पूर्व हुए हादसे में जान गंवाने वाले 14 कर्मवीरों का भावभीना स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

8 साल पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र में हुए दर्दनाक हादसे में 14 कर्मवीरों की मौत हो गई थी और कई लोग हताहत हुए थे । इस भयंकर दुर्घटना को याद कर कर्मचारी आज भी सिहर उठते हैं। बीएसपी कर्मियों ने हादसे में जान गंवाने वाले अपने साथी कर्मियों का भावभीना स्मरण व योगदान को याद कर सुरक्षा जागरुकता का संकल्प लिया।

गौरतलब हो कि नौ अक्टूबर 2018 को बीएसपी के कोक ओवन विभाग में गैस पाइपलाइन में हुए भीषण विस्फोट में 14 कर्मचारियों व मजदूरों की मौत हो गई थी। इनकी



स्मृति में यूनियनों ने भावभीन श्रद्धांजलि दी। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक भिलाई सहित सीटू और एटक द्वारा भावांजलि दी गई। । इंटक के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभ में दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान और बलिदान को याद किया तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

यूनियन के महासचिव संजय साहू सहित पदाधिकारियों ने कहा कि यह हादसा औद्योगिक सुरक्षा के महत्व की गंभीर याद दिलाता है। इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संयंत्र में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, गैस पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण, समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट तथा कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का जीवन सर्वोपरि है और उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रबंधन, अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों की साझा जिम्मेदारी है।दिवंगतों को नमन करते हुए संकल्प व्यक्त किया कि कर्मचारियों की सुरक्षा, बेहतर कार्य परिस्थितियों और औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

04 मां गंगा मैया मंदिर में स्थापित होंगे 1301 ज्योति...



06 पीएम श्री सेजेस स्कूल में छात्राओं ने सीखा जिंदगी..



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

shri Gopala HOSPITAL

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

पानी मांगने पर माता-पिता पुलिस अभिरक्षा में, 10 किमी पैदल चलकर थाने पहुंचे बच्चे

आड़ेझर में पेयजल संकट पर तीन दिन से जारी आंदोलन समाप्त, त्रिपक्षीय बैठक में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

समीपस्थ ग्राम आड़ेझर में पेयजल संकट को लेकर तीन दिनों से जारी चक्काजाम और आमरण अनशन शनिवार को समाप्त हो गया। बोइरडीही जलाशय से गांव में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दल्लीराजहरा-महामाया मार्ग पर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को शनिवार सुबह पुलिस ने मौके से हटा दिया। इसके बाद अपने माता-पिता की रिहाई की मांग को लेकर 40 से अधिक बच्चे करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर थाने पहुंचे। देर शाम प्रशासन, पुलिस और भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) प्रबंधन के साथ ग्रामीण प्रतिनिधियों की त्रिपक्षीय बैठक में सकारात्मक सहमति बनने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया और पुलिस अभिरक्षा में रखे गए सभी लोगों को छोड़ दिया गया।

त्रिपक्षीय बैठक में पेयजल व्यवस्था पर बनी सहमति : एसडीएम आशीष कुमार ने बताया कि तीन दिनों के आंदोलन के बाद शनिवार शाम दल्लीराजहरा स्थित बीएसपी गेस्ट हाउस में बीएसपी प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, राजस्व प्रशासन और आंदोलनरत ग्रामीणों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई। बैठक में सकारात्मक सहमति बनने के बाद आंदोलन समाप्त ⏭शेष पेज 04 पर



माता-पिता की रिहाई के लिए पैदल थाने पहुंचे बच्चे

शनिवार सुबह पुलिस की कार्रवाई के बाद 102 पुरुषों को दल्लीराजहरा के ओपन थिएटर और लगभग 30 से 40 महिलाओं को आईटीआई परिसर में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। इसकी जानकारी मिलने पर 40 से अधिक बच्चे अपने माता-पिता को छुड़ाने और गांव में पेयजल की व्यवस्था करने की मांग लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने बच्चों को थाने के प्रवेश द्वार के पहले ही रोक दिया, जिसके बाद वे सड़क पर बैठ गए। बच्चों की गुहार ने सभी का ध्यान खींचा। देर शाम सभी लोगों को छोड़ दिया गया।

खदानों का परिवहन प्रभावित होने के बाद तेज हुई पहल

दल्लीराजहरा-महामाया मार्ग क्षेत्र की प्रमुख खदानों तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण है। चक्काजाम के कारण महामाया, ढुलकी और कलवर माइंस से कच्चा लोहा लेकर आने-जाने वाले वाहनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इसके बाद प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन ने मामले के समाधान के लिए पहल तेज की। पेयजल संकट के स्थायी समाधान को लेकर प्रशासन, संबंधित विभागों और बीएसपी प्रबंधन के बीच समन्वय से सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

तीन दिन से जारी था चक्काजाम, नौ ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठे थे

ग्राम आड़ेझर के ग्रामीण गुरुवार से दल्लीराजहरा-महामाया मार्ग पर आंदोलन कर रहे थे। उनकी प्रमुख मांग बोइरडीही जलाशय से पाइपलाइन के माध्यम से गांव तक पेयजल पहुंचाने की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है और स्थायी समाधान नहीं मिलने के कारण उन्हें आंदोलन करना पड़ा। आंदोलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे, जिनमें नौ लोग आमरण अनशन पर बैठे थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार तीन दिनों तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद शनिवार सुबह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाया।

क्वार नवरात्रि की तैयारी जोरों पर, आज विराजेंगी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में क्वार नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा की आराधना के इस पावन पर्व की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए पंडालों को आकर्षक रूप दिया गया है। वहीं, मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी हैं।

- मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्वलित करने की तैयारी पूरी

आज से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण क्वार नवरात्रि का पर्व यहां विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष अच्छी बारिश होने से किसानों को बेहतर फसल की उम्मीद है। ऐसे में किसान अच्छी पैदावार, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ मां दुर्गा की आराधना करेंगे। नवरात्रि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्तिमय वातावरण रहेगा और श्रद्धालु विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना करेंगे। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी डौंडीलोहारा नगर के संजयनगर, विवेकानंद चौक, रामनगर, टिकरापारा और राजापारा में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। इन स्थानों पर पूजा पंडालों की सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

नवरात्रि के नौ दिनों तक इन पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहेगी तथा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ माता की आराधना की जाएगी। इसी तरह नगर के शीतला मंदिर, काली मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, गायत्री मंदिर और नालेश्वर मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिरों में साफ-सफाई, पूजा सामग्री और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। नवरात्रि पर्व के आगमन के साथ ही नगर में धार्मिक उल्लास बढ़ गया है। श्रद्धालु मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, अच्छी फसल और सभी के कल्याण की कामना करेंगे। नौ दिनों तक नगर और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

SINCE 1983

Navratri Special OFFER



SCRATCH & WIN

100% HUD
हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी
IGI सर्टिफईड डायमंड एवं
पोल्की ज्वेलरी

स्क्रेच एण्ड विन के अंर्तगत खरीदिये और पाईये

100%

तक की छूट मेंकिंग चार्जेस पर

एडवांस बुकिंग शुरु

न्यूनतम 10% एडवांस भुगतान करके अपनी ज्वेलरी बुक करें और बुक की गई दर या प्रचलित दर, जो भी कम हो, पर ज्वेलरी पायें

सहेली ज्वेलर्स

विश्वास पीढ़ियों का

DURG : Gandhi Chowk Call: 9111177550

BHILAI : Civic Centre Call : 9111177553

RISALI : BSP Market Call: 9111177558

GOLD • DIAMOND • SILVER • POLKI DIAMOND • ANTIQUE & TEMPLE GOLD

CREATIVE HUB ADVERTISING

JK Jinkushal Jewellers

खरीदिए सोना FACTORY PRICE पर

केवल 3% MAKING CHARGE

शुद्धता विश्वास और बेहतरीन वेल्यू

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

इस नवरात्रि के शुभ अवसर पर हमारा स्कैन कर Follow करें

@JINKUSHALJEWELLERS.IN

और लक्की ड्रॉ ऑफर में पायें

ढेरों सारे ईनाम जीतनें का मौका

सर्वोत्तम बचत | सर्वोत्तम महा बोनस | क्रेडिट फैसिलिटी | बोनस पाईंट | ज्वाइनिंग गिफ्ट | अन्य फायदे

HALLMARK GOLD & 999 HALLMARK SILVER COIN & JEWELLERY AVAILABLE

सुविधाएं :

पुराना सोना/चांदी बदलने की सुविधा | गोल्ड ज्वैलरी आसान किस्तों में उपलब्ध | डेली गोल्ड भाव व ऑफर्स के लिए WhatsApp करें

स्कैन करें

*T&C Apply

जिनकुशल ज्वेलर्स

Ratnaprabha, Satti Bazar Chowk, Raipur (C.G.)

+ 9827995000 jinkushaljewellers.myshopify.com

खबर संक्षेप

पंथी चौक सेक्टर-10 में हटाए गए कब्जे



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा टाउनशिप में पंथी चौक, सेक्टर-10 में सड़क किनारे किए गए अनाधिकृत कब्जों को हटाए गए । जेसीबी की सहायता से 13 हजारवर्गफीट क्षेत्र को अनाधिकृत कब्जों से मुक्त कराया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचे एवं पसरे आवागमन तथा सार्वजनिक स्थलों के व्यवस्थित उपयोग में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। विभाग ने नागरिकों व ठेला संचालकों से अपील की है कि वे सड़कों के किनारे तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से ठेले, खोमचे या पसरे न लगाएं।

पेज 3 के शेष

आड़ेझर में पेयजल संकट...

कर दिया गया तथा पुलिस अभिरक्षा में रखे गए सभी लोगों को छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि सहमति के अनुसार, पीएचई विभाग हैंडपंप के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था करेगा। वहीं, गर्मी के दौरान जलस्तर नीचे गिरने की स्थिति में बीएसपी प्रबंधन पानी की टंकी लगाकर पेयजल उपलब्ध कराएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि वे पिछले दो दिनों से घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रख रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को छोड़ दिया गया है, दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है और आंदोलन समाप्त हो गया है। वहीं, बीएसपी के महाप्रबंधक ए.के. सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लिया गया है। बैठक में सकारात्मक निर्णय लिया गया है और समस्या के समाधान की दिशा में काम किया जा रहा है। पेयजल जैसी बुनियादी जरूरत को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब सहमति के साथ समाप्त हो गया है। ग्रामीणों को फिलहाल हैंडपंप के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने और गर्मी में जलस्तर गिरने पर बीएसपी की ओर से पानी की टंकी लगाने की व्यवस्था तय की गई है। अब इन व्यवस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही गांव की पेयजल समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट होगी।

आज से क्वार नवरात्र महोत्सव का आगाज

मां गंगा मैया मंदिर में स्थापित होंगे 1301 ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



क्वार नवरात्र को लेकर जिलेभर में आस्था और उत्साह का माहौल है। रविवार 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ होगा, जो 20 अक्टूबर तक चलेगा। देवी मंदिरों से लेकर दुर्गा उत्सव पंडालों तक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों मां गंगा मैया मंदिर झलमला, सियादेवी, कंकालिन और रानी माई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की व्यवस्था की गई है। नवरात्र के दौरान इन मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

जिला मुख्यालय बालोद में भी नवरात्र की रौनक दिखाई देने लगी है। पुराना बस स्टैंड, गांधी भवन, बुधवारी बाजार, पांडेपारा, नयापारा, मोखलामांझी, बूढ़ा तालाब पार, नया बस स्टैंड, शिकारीपारा, कुंदरूपारा, संजयनगर, पाररास, गंगासागर तालाब पार, आमापारा और गजपारा सहित दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। दुर्गा उत्सव समितियां आकर्षक पंडालों, विद्युत सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

मां गंगा मैया मंदिर में 1301 ज्योति कलशों की स्थापना

झलमला स्थित मां गंगा मैया मंदिर में शारदीय नवरात्र का शुभारंभ रविवार दोपहर 12 बजे 1301 ज्योति कलशों की स्थापना के साथ होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 16 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। मंदिर में प्रवेश और निकास सहित विभिन्न स्थानों पर नजर रखी जाएगी।

मंदिर में माता के दर्शन के लिए समय की विशेष पाबंदी नहीं रहेगी। श्रद्धालु सुबह से देर रात तक अपनी सुविधानुसार पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे। नवरात्र के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, माता सेवा, भजन–कीर्तन और अन्य कार्यक्रम होंगे। मंदिर परिसर में लगने वाला मेला, कैलाश गुफा और फव्वारे भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

प्रतिदिन शतचंडी यज्ञ और दुर्गा सप्तशती का पाठ

मां गंगा मैया मंदिर में 11 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे शतचंडी यज्ञ एवं दुर्गा सप्तशती का सस्वर पाठ किया जाएगा। आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री एवं सहयोगी आचार्यों के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। प्रतिदिन शाम 5 बजे माता सेवा का आयोजन किया जाएगा।

दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक हरिकथा एवं झांकी के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों का मंचन होगा। 15 अक्टूबर को जय बजरंग रामधुनी मंडली धामनसरा द्वारा नारी शक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें गायक बंशीलाल पटेल शामिल होंगे। 16 अक्टूबर को शिव भोला रामधुनी मंडली केशाल द्वारा भस्मासुर की उत्पत्ति से अंत तक की कथा प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्यक्रम में गायक केशव प्रसाद साहू प्रस्तुति देंगे।

17 अक्टूबर को नवीन बाल रामधुनी भजन मंडली छछानपाहरी द्वारा रानी चागुणा एवं राजा श्रयाल की कथा का मंचन होगा, जिसमें गायक हंशलाल साहू शामिल होंगे। वहीं, 18 अक्टूबर को जय अंबे रामधुनी मंडली कजराबांधा द्वारा राम वनवास एवं केवट मिलन की कथा प्रस्तुत की जाएगी। इसमें गायक परमेश्वर साहू शामिल होंगे। इसके अलावा 15 से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात 9.30 से 11.30 बजे तक भेन्ड्री के कीर्तनकार चंद्रहास साहू द्वारा हरि कीर्तन किया जाएगा। संगीतमय धार्मिक कार्यक्रमों और रामधुनी मंडलियों की प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर भक्तिमय रहेगा।

महाष्टमी पर हवन–पूजन और कन्या भोज

मां गंगा मैया मंदिर में 19 अक्टूबर को महाष्टमी के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इस दिन दोपहर 12 बजे हवन–पूजन किया जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे कन्या भोज का आयोजन होगा। श्रद्धालु माता के दर्शन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होंगे।

16 अक्टूबर को बाधा तालाब में होगी गंगा महाआरती

नवरात्र के दौरान शुक्रवार, 16 अक्टूबर को मां गंगा मैया के पावन उद्गम स्थल बाधा तालाब में भव्य गंगा महाआरती आयोजित की जाएगी। शीतला मंदिर ट्रस्ट एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शाम 5 बजे महाआरती संपन्न होगी। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

शहर के देवी मंदिरों में भी प्रज्ज्वलित होंगे मनोकामना ज्योति कलश

नवरात्र के अवसर पर बालोद शहर के चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, महामाया मंदिर, ठाढ़ महामाया, कपिलेश्वर, मोखलामांझी और बंजारीधाम जुंगेरा सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिरों में ज्योति–जंवारा और विशेष पूजा–अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रें में भी नवरात्र को लेकर उत्साह है। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा विशाल और आकर्षक पंडाल तैयार कराए जा रहे हैं। कई स्थानों पर बाहर से आए कलाकार पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। विद्युत सजावट और अन्य व्यवस्थाओं के साथ जिलेभर में नवरात्र महोत्सव को लेकर भक्तिमय वातावरण बनने लगा है।

जुंगेरा के मां बंजारी धाम में आज से नवरात्रि महोत्सव



बालोद। ग्राम जुंगेरा स्थित सिद्धि शक्ति मां बंजारी धाम एवं श्री वटकेश्वर मनोकामना महादेव मंदिर में क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ज्योति कलश स्थापना, ज्योत–जंवारा एवं विभिन्न धार्मिक और सां स्कृ ति क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान माता सेवा, लोक संस्कृति एवं गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

मां बंजारी धाम वटकेश्वर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के आयोजन में रविवार को सुबह 11:36 बजे मनोकामना ज्योति एवं जंवारा स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक नौ दिवसीय माता सेवा का आयोजन होगा। प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से 10:30 बजे तक लोक संस्कृति एवं गरबा नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

19 अक्टूबर को अष्टमी पर महाप्रसादी भंडारा : नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 19 अक्टूबर को अष्टमी के पावन अवसर पर पुरस्कार एवं सम्मान समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसी दिन शाम 7 बजे से माता की इच्छा तक महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

20 अक्टूबर को निकलेगी विसर्जन शोभायात्र : नवरात्रि के समापन पर 20 अक्टूबर को सुबह 9 बजे ज्योति–जंवारा विसर्जन एवं शोभायात्र निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर समिति एवं ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

आयोजन समिति अध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष बालकृष्ण साहू, सचिव डॉ. राजेश चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष चन्द्रकुमार, सहसचिव श्रवण साहू एवं प्रचार मंत्री मनोज साहू सहित समस्त ग्रामवासी आयोजन में सहभागिता निभाएंगे।

फोटोः–बीएलडी न्यूज 11
10.10.2026

प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सशिमं हथौद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



बालोद। प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। बिलासपुर के कोनी में आयोजित महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पुरस्कार अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में कुमारी कक्षा आठवीं वीणा साहू ने बाल वर्ग के एकल भजन में प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं किशोर वर्ग में कक्षा नौवीं कुमारी चित्रणी साहू ने शास्त्रीय गायन, कक्षा दसवीं कुमारी भावना साहू ने व्यक्तिगत गीत, कक्षा दसवीं राहुल पांडे ने एकल भजन तथा कक्षा दसवीं कुमारी हेमांशी साहू ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रांत में प्रथम स्थान हासिल किया।

इसी क्रम में नीरज साहू ने तात्कालिक भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में कुमारी तनुश्री यादव, कुमारी दीक्षा रावटे और कुमारी दर्शना ठाकुर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वंदे मातरम् गायन में कुमारी डॉली धनकर, कुमारी हेमांश साहू और कुमारी पूनम मानिकपुरी की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं पीयूष कुमार पटेल ने चित्रकला प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रांतीय स्तर पर सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के बिना, अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता मित्रों का सम्मान स्वनिधि के हितग्राहियों को चेक का वितरण

दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों रविशंकर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु-जनता के द्वार डिजिटल सरकार कार्यक्रम में मिशन क्लीनिंग सिटी के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता मित्रों को उनके अथक परिश्रम, समर्पण और निष्ठा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन महापौर अलका बाघमार की उपस्थिति रही।

गंगा मैय्या मंदिर झलमला में यातायात के लिए रूट डायवर्ट, 4 स्थानों पर बनाई गई पार्किंग

बालोद। नवरात्रि पर्व में सुगम यातायात के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया। झलमला से गुजरने वाले बड़ी माल वाहक वाहन चालकों से परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई तथा दर्शनार्थियों से अपील की गई कि निर्धारित स्थानों पर ही वाहनों की पार्किंग करे।

गंगा मैय्या मंदिर झलमला में नवरात्रि पर्व 11 से 19 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नगारिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़–भाड़ होने की संभावना को देखते हुए नवरात्रि पर्व के मद्देनजर गंगा मैय्या मंदिर झलमला बालोद में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु रूट डायवर्सन किया गया है। रूट डायर्वन के तहत धमतरी तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन धमतरी–गुरूर–झलमला तिराहा–पड़कीभाठ बायपॉस–पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग–गुण्डरदेही–पड़कीभाठ–बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा–कुसुमकसा–बटेरा चौक लोहारा–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव–लोहारा–बटेराचौक–पाररास बायपॉस–पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन सभी बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए दिनांक 11 से 19 अक्टूबर तक लागू रहेगा। गंगा मैय्या परिसर झलमला बालोद में आने वाले वाहन चालको एवं श्रद्वालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों पुलिस कॉलोनी परिसर झलमला में पार्किंग करेंगें। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों झलमला बाजार चौक में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन सिवनी मैदान पार्किंग एवं बालोद बाजार हीरापुर जाने मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे।

जन्मजयंती पर दृष्टिबाधित बच्चों को बांटे फल-बिस्कुट



जामगांव आर। समीपस्थ ग्राम सुरपा की स्नेहा चौरड़िया सुपुत्री छाया प्रमोद चौरड़िया रायपुर ब्लाइंड स्कूल पहुंचकर शनिवार को अपने स्वर्गीय दादा संपतलाल चौरडिया के जन्म जयंती पर ब्लाइंड स्कूल एवम छात्रवास रायपुर में 130 बच्चों को फल एवम बिस्कुट का वितरण किया। दादा से मिले दया धर्म की मूल है को धरातल में आत्म सात करने के लिए स्नेहा ने यह सुंदर कदम उठाया। कालेज छात्र स्नेहा की इस सोच ने परिवार का मन मोह लिया। स्नेहा के मामा डॉ डालचंद जैन, जितेंद्र सेठिया ने कहा कि काश यंग बेच स्नेहा जैसी सोच वाले हो जाए तो संस्कार का स्तर गिरेगा ही नहीं। जिसकी चिंता इन हर पालक के सामने ज्वलंत प्रश्न बनकर सामने खड़ी हुई है।

पीएम सूर्य घर योजना से उदयलाल का बिजली बिल शून्य

बालोद। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिलों से राहत दिलाने के उद्देश्य से संचालित 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' जिले के नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। सौर ऊर्जा को अपनाकर नागरिक न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि हर महीने अपनी गाढ़ी कमाई की बड़ी बचत भी कर रहे हैं। गुरूर के श्री उदयलाल यादव इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जिनके घर का बिजली बिल अब शून्य हो चुका है।

■ सोलर पैनल लगाने पर मिली 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी

गुरूर निवासी उदयलाल यादव ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर में दो विद्युत मीटर लगे हुए थे। हर महीने औसतन 2500 से 3000 रुपये तक बिजली का बिल आता था, जिससे घरेलू बजट पर अतिरिक्त भार पड़ता था। बिजली विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन और बेटे की प्रेरणा से उन्होंने अपनी छत पर रूफटॉप सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। सोलर पैनल स्थापित होने के बाद अब उनका बिजली बिल पूरी तरह 'शून्य' हो गया है और उन्हें एक भी पैसा बिजली बिल का भुगतान नहीं करना पड़ रहा है।



यादव ने बताया कि सोलर पैनल लगने के बाद भी उनके घर के सभी विद्युत उपकरण–पंखा, लाइट, कूलर और एसी पहले की ही तरह निर्बाध रूप से चल रहे हैं। पूरी प्रक्रिया की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि आवेदन के उपरांत मात्र 3 दिनों के भीतर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया।

उदयलाल यादव ने बताया कि योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से कुल 01 लाख 08 हजार रुपये की आकर्षक सब्सिडी सीधे प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त बैंक के माध्यम से आसान किस्तों में फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे आर्थिक रूप से कोई अतिरिक्त दबाव नहीं आया।

योजना की उपयोगिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आम जनता की जेब को राहत देने वाली है। उन्होंने जिले के अन्य नागरिकों से भी अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर योजना का लाभ उठाने की अपील की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया।

अभिमान और अहंकार आत्मकल्याण के मार्ग में बाधक तप से होता है कर्मों का क्षय : साध्वी प्रियता श्रीजी मसा

डोंडी। स्थानीय जैन श्रीसंघ में प्रतिदिन आयोजित प्रवचनमाला के अंतर्गत आज साध्वी प्रियता श्रीजी म.सा. ने अभिमान और अहंकार के विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन, विनम्रता एवं तपस्या के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में अभिमान और अहंकार ऐसे दोष हैं, जो व्यक्ति को अपनी वास्तविकता से दूर कर देते हैं। जब इंसान अपने ज्ञान, धन, पद, प्रतिष्ठा अथवा उपलब्धियों पर घमंड करने लगता है, तब उसके भीतर विनम्रता कम होने लगती है और वह दूसरों के गुणों को स्वीकार करने में पीछे रह जाता है।

साध्वीश्री ने प्रवचन में समझाया कि विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का सबसे बड़ा आभूषण है। व्यक्ति कितना भी ज्ञानी, सामर्थ्यवान या प्रतिष्ठित क्यों न हो, यदि उसके भीतर अहंकार है तो उसके गुणों का प्रभाव कम हो जाता है।

तपस्या से कर्मों की निर्जरा का मार्ग

साध्वी प्रियता श्रीजी म.सा. ने तपस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैन धर्म में तप केवल शरीर को कष्ट देना नहीं, बल्कि आत्मसंयम, इच्छाओं पर नियंत्रण और आत्मशुद्धि का माध्यम है। तप के माध्यम से व्यक्ति अपनी आसक्तियों को कम करने, मन को अनुशासित बनाने और आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करता है। उन्होंने बताया कि जैन दर्शन में तप को कर्मों की निर्जरा अर्थात कर्मबंधन से मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण साधना माना गया है। इसके लिए बाहरी तप के साथ आंतरिक तप, क्षमा, विनय, स्वाध्याय, ध्यान और मन की निर्मलता भी आवश्यक हैं।

तनाव और अवसाद को नजरअंदाज न करने, समय पर परामर्श व उपचार लेने का दिया संदेश

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, दानीटोला द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के माध्यम से जन–जागरूकता कार्यक्रम ग्राम दानीटोला, जिला चिकित्सालय बालोद, शहीद अस्पताल दल्लीराजहरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक तनाव के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने बताया कि तनाव, चिंता, अवसाद एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर उचित परामर्श एवं उपचार लेने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।

विद्यार्थियों ने लोगों को नियमित योग एवं व्यायाम करने, पर्याप्त नींद लेने, संतुलित आहार अपनाने, सकारात्मक सोच रखने तथा परिवार एवं मित्रें के साथ अपनी भावनाएं साझा करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता रखने और उन्हें सहयोग प्रदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ. सिजो कोशी एवं भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम नर्सिंग विद्यार्थियों में स्वास्थ्य शिक्षा, नेतृत्व क्षमता एवं समाज के प्रति सेवा भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के शिक्षकगण, स्टाफ एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मानसिक स्वास्थ्य अनमोल है, इसे समझें और न करें नजरअंदाज का संदेश दिया।

बालोद में 13 से 15 अक्टूबर तक होगा त्रिदिवसीय सुआ महोत्सव एवं समरस साहित्य संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत प्रांतीय ईकाई छ.ग एवं सुआ नृत्य सहभागी समूह शंकर नगर बालोद द्वारा 13 से 15 अक्टूबर तक त्रिदिवसीय सुआ महोत्सव एवं समरस साहित्य संगम का आयोजन शंकर नगर बालोद में किया गया है। जिसमें सुआ नृत्य गीत, कवि सम्मेलन, पुस्तक समीक्षा, काव्य संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे पूजन अर्चना, दीप प्रज्वलन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद प्रतिभा चौधरी रहेंगी। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष समरस संस्थान साहित्य सृजन छ.ग. प्रांत अखिलेश्वर मिश्रा अकाट्य करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका परिशद् बालोद कमलेश सोनी, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, चेयरमेन लायन्स क्लब राजनांदगांव अमित खांडेवाल, पार्षद वार्ड क्रमांक 19 श्यामा यादव उपस्थित रहेंगे। 14 अक्टूबर को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय परंपरागत वैध महासंघ आयुर्वेदाचार्य , संस्थापक चौसठ योगिनी मंदिर लिमोरा बीरेन्द्र कुमार देशमुख रहेंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत छ.ग प्रांत अखिले"वर मिश्रा अकाट्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रशासनिक अधिकारी जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद उदेराम नेताम, प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव लूनकरण ठाकुर रहेंगे। 15 अक्टूबर प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि चेयरमेन रेडक्रांस सोसायटी व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन लाल साहू रहेंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत छ.ग प्रांत अखिले"वर मिश्रा अकाट्य करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि प्रांताध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान जगदीश देशमुख, प्रवक्ता तुलसी मानस प्रतिष्ठान सीताराम साहू, जिला समन्वयक छ.ग. राज भाशा आयोजन आत्माराम कोशा उपस्थित रहेंगे। वही 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे गीत की प्रस्तुती तथा सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा रहेंगी।

■ सुआ नृत्य–गीत, कवि सम्मेलन, पुस्तक समीक्षा और काव्य संगोष्ठी के होंगे आयोजन

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप

नवरात्रि पर गायत्री परिवार में होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

डौंडीलोहारा–अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार ट्रस्ट डौंडीलोहारा द्वारा शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व 2026 के अवसर पर विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में अखंड दीप प्रज्वलन, सामूहिक साधना, गायत्री महामंत्र जाप, कुंडीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी जैसे कार्यक्रम संपन्न होंगे। गायत्री परिवार ने श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से इन धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। गायत्री परिवार ट्रस्ट डौंडीलोहारा की ओर से जारी आमंत्रण के अनुसार, रविवार 11 अक्टूबर को सुबह 6 बजे अखंड दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक साधना के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। 11 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक गायत्री महामंत्र जाप किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन सुबह 7 बजे से एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा। नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन सोमवार 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

जामगांव आर में निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी से परखी प्रतिभा

जामगांव आर। उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति के तत्वाधान में त्रिदिवसीय निःशुल्क योग शिविर के दूसरे दिन शनिवार को योग शिविर तात्कालिक प्रश्नोउत्तरी कार्यक्रम चलाकर प्रतिभाशाली को पुरस्कृत किया गया। दीप ज्योति, परम ज्योति के साथ उद्घाटन सेजस बेलहारी के पूर्व प्राचार्य वाई के साहू ने किया। योग साधक बेनीराम साहू, कामता प्रसाद साहू, डॉ गुलाब साहू, ढाल सिंह साहू, संतोष साहू मंचासीन रहे। शिक्षाविद वाई के साहू ने कहा कि योग का अलख जगाने के बाद में भी वांछित लोगो में जागरण नहीं आना विडंबना है। योग भारत भूमि में ऋषि मुनियों ने योग को साधना और स्वास्थ संगम बनाया है, जिससे जीवन पुष्ट–चुस्त रहता है। योग को जनव्यापी बनाने उपतहसील जामगांव आर स्तरीय योग समिति की सक्रिय और उम्दा पहल कंठ मुक्त सराहनीय है।आलस नकारात्मक विचार भगाने योग को अपनाए। भविष्य सँवारे सुंदर बनाए। समिति अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने बताया योग की अलख जगाने रविवार पौने 6 बजे योग साधक नगर में जुलूस निकालेंगे और नारा लगाएंगे करो योग, रहो निरोग।

प्रांतीय विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता में लाटाबोड़ के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/लाटाबोड़

प्रांतीय विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रश्नमंच–प्रदर्श में लाटाबोड़ का दबदबा रहा जिसमे दो पुरस्कार जीतकर जिले का मान बढ़ाया। विज्ञान प्रदर्श में दिव्यांश को द्वितीय, प्राथमिक उपचार प्रदर्श में जलज ने प्रथम स्थान हासिल किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ के विद्यार्थियों ने प्रांतीय विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रश्नमंच एवं प्रदर्श प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रखुरी बैतलपुर, जिला मुंगेली में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने अलग–अलग वर्गोंमें पुरस्कार हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के बाल वर्ग विज्ञान प्रदर्श में भैया दिव्यांश कुमार पिता वासुदेव ने 'स्वच्छ भारत एवं अपशिष्ट प्रबंधन' विषय पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं शिशु वर्ग में भैया जलज यादव, पिता चोलेश्वर यादव ने 'प्राथमिक उपचार' प्रदर्श में प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस सफलता में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, जितेंद्र सिंदराम, महेंद्र यादव, पूर्व उपसरपंच एवं पालकों के सहयोग के साथ विज्ञान प्रमुख एवं मार्गदर्शक देवेश बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित आगामी प्रतियोगिता में करेंगे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व



क्षेत्र में गौरव का वातावरण

विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष कश्चित साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष हरिश्चंद साहू, पूर्व ग्रामसभा अध्यक्ष श्यामलाल साहू, जनपद सदस्य भगवती उइके, सरपंच तेजप्रकाश मंडावी, उपसरपंच फलेश्वरी साहू सहित विद्यालय के सदस्य क्यामल साहू, राजेश यादव, संतराम मंडावी, केयत राम, भेमेंद्र साहू, पीटीआई शिक्षक जीवनलाल साहू, अतिथि व्याख्याता विदेशी राम साहू, रत्नी हिरवानी, हेमा साहू, चुम्मन साहू एवं समस्त आचार्य परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संकुल प्रभारी दुलार सिंह पटेल एवं जिला समन्वयक दीपक हिरवानी ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अब दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थी मध्यप्रदेश के देवास स्थित विजय नगर में आयोजित आगामी प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रांत का नेतृत्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में गौरव का वातावरण है।

मुख्य सचिव विकासशील ने की सराहना, 405 गांवों में शत-प्रतिशत सर्वेक्षण पूर्ण

डिजिटल फसल सर्वेक्षण में बालोद जिला पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालोद जिले ने पूरे छग में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में कुल 7,58,833 खसरों में से 7,50,905 खसरों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इस तरह जिले में 98.95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस उपलब्धि पर राज्य के मुख्य सचिव विकासशील ने जिले की विशेष सराहना करते हुए यहां तैयार की गई कार्ययोजना को प्रोत्साहित किया है।

- 7.58 लाख खसरों में से 7.50 लाख का सर्वे पूरा, 98 .95 प्रतिशत कार्य संपन्न

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आयोजित राज्य के सभी कलेक्टरों की समीक्षा बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं एग्रीस्टैक योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बालोद जिले की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए शेष कार्य को निर्धारित समय–सीमा में शत–प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए गए।



जिले के 405 गांवों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इन गांवों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर सर्वेक्षण से संबंधित सूची का प्रकाशन एवं सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, शेष गांवों में विशेष कार्ययोजना बनाकर सर्वेक्षण का कार्य समय–सीमा में पूरा करने पर जोर दिया गया है। समीक्षा बैठक में वन ग्राम से राजस्व ग्राम बने गांवों, डूबान गांवों, शासकीय पट्टेदारों, संस्थागत भूमि, ग्राम नौकर एवं अधियाध्रेगहा किसानों के खसरों का भी शत–प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पिछले वर्ष मैन्युअल गिरदावरी के आधार पर धान विक्रय करने वाले किसानों के खसरों का फसल सत्यापन मोबाइल ऐप के माध्यम से कराने और संबंधित खसरों का डिजिटलीकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए हैं।

14,590 खसरों का पॉलीगॉन तैयार करने की प्रक्रिया जारी

जिले में पिछले वर्ष मैन्युअल गिरदावरी के माध्यम से धान विक्रय करने वाले किसानों के कुल 14,590 खसरों का पॉलीगॉन तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। जिला प्रशासन बालोद ने संबंधित किसानों से अपील की है कि वे डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान अपने खेतों में मौके पर उपस्थित रहें, ताकि फसल का सही सत्यापन सुनिश्चित हो सके और सर्वेक्षण पूरा होने के बाद धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बाइक असंतुलित होने से सड़क पर गिरी महिला, गंभीर चोटें आईं

डौंडीलोहारा। ग्राम चिल्हाटी कला के बस स्टैंड के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक असंतुलित होने से पीछे बैठी एक महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को डौंडीलोहारा के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

- डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया



मिली जानकारी के अनुसार, ठगिया बाई (40 वर्ष) किसी काम से एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर दल्लीराजहरा से अपने गृह ग्राम कोबा जा रही थीं। इसी दौरान उनकी बाइक ग्राम चिल्हाटी कला के बस स्टैंड के पास पहुंची। वहां स्थित स्पीड ब्रेकर से गुजरते समय बाइक अचानक असंतुलित हो गई। इससे पीछे बैठी ठगिया बाई झटके के कारण सड़क पर गिर गईं। हादसे में उनके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर मदद मांगी। सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवा की टीम घटनास्थल पर पहुंची। वाहन में तैनात आरक्षक कुलदीप खूंटे ने बताया कि महिला के सिर सहित हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई थीं। टीम ने बिना देर किए घायल महिला को शासकीय अस्पताल डौंडीलोहारा में भर्ती कराया।

खैरीडीह पुलिया बंद होने से बदले मार्ग पर पलटा खाली ट्रक चालक-परिचालक सुरक्षित

डौंडीलोहारा। डौंडीलोहारा–राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर खैरीडीह पुलिया के संधारण के चलते आवागमन बंद होने से वाहनों को परिवर्तित मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। इसके कारण सेमरडीह–कोसमी की ओर जाने वाले छोटे और संकरे मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इस मार्ग पर लगातार हादसों की आशंका के बीच शुक्रवार देर शाम करीब सात से आठ बजे के बीच एक खाली ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में ट्रक चालक और परिचालक को कोई चोट नहीं आई। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, खाली ट्रक भीमकहार से संबलपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में घटनास्थल के पास एक मोड़ पर अचानक बाइक सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ट्रक चालक ने वाहन को सड़क किनारे की ओर मोड़ दिया। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खेत की मेड़ से होते हुए खेत में पलट गया।

परिवर्तित मार्ग पर बढ़ा वाहनों का दबाव

उल्लेखनीय है कि खैरीडीह पुलिया के संधारण कार्य के चलते मुख्य मार्ग पर आवागमन बंद किया गया है। इसके कारण बड़े वाहन भी सेमरडीह–कोसमी की ओर से गुजर रहे हैं। यह मार्ग अपेक्षाकृत छोटा और संकरा है। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोड़ और सड़क की सीमित चौड़ाई के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

74 वर्षीय जयंत्री बाई को मिला न्याय, कोर्ट ने पारिवारिक पेंशन देने का दिया आदेश

बालोद। नवरात्रि के पहले दिन 74 वर्षीय जयंत्री बाई को न्याय मिला जहां न्यायालय द्वारा पारिवारिक पेंशन देने का आदेश दिया गया। पीड़ित महिला पति के निधन के बाद वर्ष 2019 से पेंशन के लिए संघर्ष कर रही थीं, अधिवक्ता भेष कुमार साहू की पैरवी पर न्यायालय ने संज्ञान लिया।

नवरात्रि के प्रथम दिवस पर एक बुजुर्ग महिला को न्याय मिलने की खबर ने अधिकारों के महत्व को फिर रेखांकित किया है। पति के निधन के बाद पारिवारिक पेंशन के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहीं ग्राम भेंगारी निवासी 74 वर्षीय जयंत्री बाई साहू को न्यायालय से राहत मिली है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी ने मामले की परिस्थितियों और आवेदिका की उम्र को ध्यान में रखते हुए उन्हें तत्काल पारिवारिक पेंशन का लाभ प्रदान करने संबंधी आदेश पारित किया।

जयंत्री बाई साहू के पति स्वर्गीय समलिया राम साहू शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृति के बाद उन्हें पेंशन मिलती थी। वर्ष 2019 में पति के निधन के बाद जयंत्री बाई पारिवारिक पेंशन की पात्रता के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रही थीं। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने और उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बावजूद उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शासकीय अभिलेखों में नामिनी दर्ज नहीं होने और प्रक्रिया की जानकारी के अभाव ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं।

विकसित भारत जी राम जी योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

जिपं सीईओ सुनील कुमार ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु जनपद पंचायत गुण्डरदेही में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद पंचायत गुण्डरदेही की समस्त 117 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ चंद्रवंशी ने योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिन ग्राम पंचायतों में कार्य अप्रारंभ है उन्हें दो दिवसर कार्य प्रारंभ कर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने



के निर्देश दिए गए।

शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों पर विशेष जोर देते हुए शासकीय विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण, सामुदायिक मुक्तिधाम शेड निर्माण तथा असफल बोरवेल में रिचार्ज शाफ्ट निर्माण के कार्यों को 20 जनवरी 2027 तक प्रारंभ कर गुणवक्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शासकीय विद्यालयों में किचन शेड व अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भवन निर्माण, धरसा निर्माण, पंचायत भवन तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं करने तथा नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी कुशल, अकुशल श्रमिकों की ई–केवाईसी प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराने पर विशेष बल दिया गया। ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय से ई–केवाईसी की प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा शेष श्रमिकों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराएं। सीईओ चंद्रवंशी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, स्वीकृत कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने तथा ग्रामीण क्षेत्रें में उपयोगी एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।



खबर संक्षेप

मोहलाई आश्रम में आज सात्विक यज्ञ व चौका आरती

बालोद/सिकोसा। चातुर्मास पर्व समापन एवं गुरुदेव महात्मा साहेब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सात्विक यज्ञ और चौका आरती का कार्यक्रम सदगुरु श्री कबीर घाट धर्मानुरागी समिति के द्वारा मोहलाई आश्रम में 11 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे कार्यक्रम रखा गया गया है।

डौण्डीलोहारा में 15 अक्टूबर से सजेगी चैतन्य देवियों की झांकी

डौण्डीलोहारा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में 15 से 19 अक्टूबर तक चैतन्य देवियों की भव्य झांकी का आयोजन किया जाएगा। नगर के रामनगर समता कॉलोनी स्थित गायत्री मंदिर के पीछे आयोजित इस झांकी में पांच देवियों के चैतन्य स्वरूप का दर्शन करने का अवसर श्रद्धालुओं को मिलेगा। ब्रह्माकुमारीज डौण्डीलोहारा की संचालिका सीमा दीदी ने बताया कि झांकी प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 9:30 बजे तक खुली रहेगी।

21 अक्टूबर से लगेगा राजयोग शिविर : चैतन्य देवियों की झांकी के आयोजन के बाद इसी स्थान पर 21 अक्टूबर से सात दिवसीय निःशुल्क तनावमुक्त राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त जीवन जीने, मानसिक शांति प्राप्त करने और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए राजयोग का महत्व बताना है। शिविर में शामिल होने के लिए तीन समय निर्धारित किए गए हैं। सुबह 7 से 8 बजे, शाम 4 से 5 बजे तथा रात 7 से 8 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

कलंगपुर माता की जगराता कार्यक्रम कल

बालोद/कलंगपुर। नवरात्रि पर्व



के पावन अवसर पर कलंगपुर बाजार स्थल स्थित नव दुर्गा उत्सव समिति एवं जसराज मनीष जैन के तत्वाधान में 12 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से मां विंध्यवासिनी मानस परिवार सिरसिदा चारामा के हिरेश सिन्हा कृत माता की जगराता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी रोशन साहू ने दी।

आज से बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में कुंवार नवरात्रि पर्व



अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी शुरू हो गया है। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे कलश स्थापना श्री पंडित विनय शर्मा के द्वारा गुरुवार को पंचमी सिंगार 18 रविवार को शाम 4 बजे से दुर्गा अष्टमी हवन एवं 19 ता सोमवार को शाम 4 बजे से विसर्जन शोभायात्रा एवं हर रोज शाम 8 बजे माता रानी की आरती एवं गुलाब साहू हेमंत साहू के मंडली द्वारा माता सेवा जिस किसी भी को दरबार में ज्योति जलवाना है। धनोरा मे संपर्क कर अपना स्थान सुरक्षित करवा सकते हैं।

पीएम श्री सेजेस स्कूल में छात्राओं ने सीखा जिंदगी बचाने का हुनर, सीपीआर प्रशिक्षण से बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा/डौंडी

आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बचाने के लिए समय पर सही कदम उठाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडी में 10 अक्टूबर को कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को जीवन रक्षक सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया गया। जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य जागरूकता के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को आपात स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षिका टोमीन साहू ने छात्राओं को सीपीआर



जीवन रक्षक तकनीक का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उपयोगी

विद्यालय की प्राचार्य ज्योति मेश्राम ने कहा कि सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीक का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उपयोगी है। यह केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि संकट के समय किसी की जान बचाने की क्षमता विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से इस जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि जरूरत पड़ने पर अधिक से अधिक लोग जागरूकता के साथ मदद कर सकें। कार्यक्रम में छात्राओं ने डमी पुतले पर सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस पहल से छात्राओं को जीवन रक्षक तकनीक की समझ मिली और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता करने के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी दी। हेल्थ केयर की व्यावसायिक प्रशिक्षक टोमीन साहू जीएनएम नर्सिंग उत्तीर्ण हैं और उन्हें रायपुर के व्ही वाय अस्पताल, कमल विहार में तीन वर्ष कार्य करने का अनुभव है।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को बताया गया कि किसी व्यक्ति के अचानक बेहोश होने और सामान्य रूप से सांस नहीं लेने की स्थिति में तत्काल आपातकालीन सहायता बुलाना तथा स्थिति के अनुसार सीपीआर शुरू करना महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षिका ने छाती को दबाने की सही तकनीक और आपातकालीन सहायता पहुंचने तक की जाने वाली आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी।

बालिका शौचालय, मुक्तिधाम शेड और रिचार्ज शाफ्ट निर्माण को शुरू करने के निर्देश

जिपं सीईओ ने 117 ग्राम पंचायतों के सचिवों और रोजगार सहायकों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/सिकोसा



मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विकसित भारत–जी राम जी योजना की समीक्षा ली। विकसित भारत–जी राम जी वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु जनपद पंचायत गुण्डरदेही में सुनील कुमार चन्द्रवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत गुण्डरदेही की समस्त 117 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, जिन ग्राम पंचायतों में कार्य अप्रारंभ है उन्हें दो दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ कर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों पर विशेष जोर देते हुए शासकीय विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण, सामुदायिक मुक्तिधाम शेड निर्माण तथा असफल बोरवेल में रिचार्ज शाफ्ट निर्माण के कार्यों को 20 जनवरी 2027 तक प्रारंभ कर गुणवक्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शासकीय विद्यालयों में किचन शेड व त कक्ष निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भवन निर्माण, धारसा निर्माण, पंचायत भवन निर्माण तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं करने तथा नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी कुशल–अकुशल श्रमिकों की ई–केवाईसी प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराने पर विशेष बल दिया गया। ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय से ई–केवाईसी की प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा शेष श्रमिकों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, स्वीकृत कार्यों को समय–सीमा में पूर्ण करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोगी एवं टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नितेश कुमार साहू, जनपद पंचायत गुण्डरदेही ओमप्रकाश साहू, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बालोद घनश्याम सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुण्डरदेही प्रतिज्ञा चन्द्राकर, कार्यक्रम अधिकारी, समस्त तकनीकी सहायक, वीबीजी रामजी एवं जनपद पंचायत के कार्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी तथा सभी 117 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

बीईओ भूषण ने स्कूलों का किया निरीक्षण



डौण्डीलोहारा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू ने शनिवार, 10 अक्टूबर को विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शैक्षणिक गतिविधियों और विभिन्न अभिलेखों के संधारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के तहत संकुल केंद्र भरदा लो एवं संकुल बड़गांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक शाला भरदा लो, प्राथमिक शाला बैहाकुंआ, प्राथमिक शाला बड़गांव, प्राथमिक शाला डारागांव तथा प्राथमिक शाला खड़ेनाडीह का निरीक्षण किया गया। बीईओ भूषण साहू ने विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन उपस्थिति की जांच की। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शिक्षकों की दैनिक डायरी, कैश बुक, प्रस्ताव पंजी सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को सभी आवश्यक पंजी एवं अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण करने तथा विद्यालयों में शिक्षण कार्य को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने और विद्यालयीन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जोन समन्वयक अशोक टंडन तथा बड़गांव संकुल समन्वयक थानेश्वर साहू उपस्थित रहे।

किशोरियों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति किया जागरूक

तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का संयुक्त आंगन मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा



महिला एवं बाल विकास विभाग के सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 18 स्थित मोगरा दफाई क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 30, 31 और 57 का संयुक्त आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

- सेनेटरी पैड वितरण, पौष्टिक आहार की दी जानकारी, नेवता भोज के साथ पोषण माह का समापन

कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद अरुणा रामटेके मुख्य अतिथि तथा एएनएम सीमा तिवारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग चिखलाकसा से पल्लवी साहू, हेमलता साहू और रतिराम कतलाम ने भी सहयोग दिया।

स्वास्थ्य जागरूकता के दौरान एएनएम पल्लवी साहू ने किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और एनीमिया से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी। बालिकाओं को आयरन की गोलियों का नियमित सेवन करने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई।

पोषण के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों और किशोरियों को अनार सहित ताजे फल, अंकुरित अनाज, गाजर, चुकंदर, मुनगा भाजी और पालक जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अधिक तेल और तेज मसाले वाले भोजन से परहेज करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को पेन, पेंसिल और रबर के सेट वितरित किए गए। इससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। समापन अवसर पर एएनएम सीमा तिवारी ने नेवता भोज का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को खीर, पूरी और दाल-चावल परोसे गए। इसी के साथ पोषण माह का विधिवत समापन हुआ।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 30 की संचालिका धनेश्वरी चंद्राकर एवं सहायिका किरण सैडे, केंद्र क्रमांक 31 की संचालिका हेमिन रजक एवं सहायिका शारदा बामेश्वर तथा केंद्र क्रमांक 57 की संचालिका सिंपा राउत्रै एवं सहायिका शकुन सुखदेवे की सहभागिता रही।

खुर्सीपार में घरों को निशाना बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। दुर्ग जिले के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रूपेन्द्र बंजारे उर्फ लालू, निवासी मिलावट पारा, जयस्तंभ, खुर्सीपार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता के घर के साथ पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला के घर में भी चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छज्जे में छिपाकर रखी गई चोरी की संपत्ति बरामद कर जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया पिंकी बारले ने 19 सितंबर को खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 16 सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच उनके घर में प्रवेश कर सोने-चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर रूपेन्द्र बंजारे उर्फ लालू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने पिंकी बारले के घर के अलावा पड़ोस में रहने वाली विश्वासा लहरे के घर में भी चोरी करने की बात बताई।

बीईओ राजेश कुमार ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



बीईओ राजेश कुमार पिस्दा द्वारा संकुल देवार भाट के अंतर्गत विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धी पठन स्तर एवं परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए निरीक्षण की शुरुआत लाइवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जीई 6 तथा एनईईटी के 12 बच्चेऔर ड्रापर बच्चे 6 कुल 24 बच्चे आवासीय कोचिंग का लाभ ले रहे है। बच्चों से नाश्ता, भोजन, कालखंड की जानकारी, समय सारणी की जानकारी ली गई। उसके बाद प्राथमिक शाला पाकुर भाट मे बच्चों के पठन स्तर देखा तथा पहाड़ा पूछा गया, शाला परिसर साफ सुधरा है, शौचालय की विशेष साफ सफाई, ध्यान देने निर्देशित किया गया तथा संध्या कालीन प्रार्थना मे सम्मिलित होने के पूर्व शासकीय पूर्व शाला मे बच्चों के कॉपी चेक किया गया, पहाड़ा पूछते हुए, तिमाही आंकलन मे कितने बच्चों ने कितना अंक प्राप्त किए गए, इत्यादि पर बच्चों से रूबरू हुए। अगर विषय मे डाउट हो तो बोलने का अवसर दिये, दोनो समय प्रार्थना स्पीकर के साथ हो निर्देशित किया गया।

साथ मे संकुल शैक्षिक समन्वयक लाल रघुवीर सिंह ठाकुर संकुल देवारभाट एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

प्रांतीय विज्ञान-गणित प्रदर्शनी में सशिमं पैरी ने लहराया परचम

बालोद। प्रांतीय स्तरीय विज्ञान–गणित प्रदर्शनी मेले में सरस्वती शिशु मंदिर पैरी ने परचम लहराया। सात उपलब्धियों के साथ विद्यालय ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

प्रांतीय स्तरीय विज्ञान–गणित प्रदर्शनी मेले में सरस्वती शिशु मंदिर पैरी के भैया–बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार एवं गणितीय प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पाँच प्रथम, एक द्वितीय और एक तृतीय स्थान सहित कुल सात पुरस्कार प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान विज्ञान प्रदर्शन में घनिष्ठा, विज्ञान प्रयोग में लावण्या, गणित प्रदर्श में घनिका, गणित प्रयोग में दुव्यांश पटेल,



विज्ञान प्रयोग हार्दिक साहू उपलब्धि हासिल की तथा द्वितीय स्थान विज्ञान पत्रवाचन में फलक साहू एवं तृतीय स्थान विज्ञान प्रदर्श में पुलकित साहू में उपलब्धि हासिल की। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, आचार्य–दीदीयों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय में विज्ञान एवं गणित के प्रति विकसित की जा रही रुचि का सुखद परिणाम है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केंशरोग, दांतरोग का इलाज

लगातार पेट दर्द गांठ या सूजन को नजरअंदाज न करें।
समय पर विशेषज्ञ से मिलें।
देर न करें
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
मस्तिष्क (न्यूरो) विभाग
- सिर की चोट (हेड इंजरी)
- स्पोंडिलाइटिस
- ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
- स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
- स्पाइन ट्यूमर
- स्लिप डिस्क, साइटिका
- लकवा, मिर्गी
- सिर का बडा होना और सिर में पानी भरना (Hydrocephalus)
महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) 8370008551
खरोरा रोड,तिल्दा (छ.ग.) 9302734809
सरायपाली (छ.ग.) 8370008558
जगदलपुर (छ.ग.) 8435908123
#Rajesh

डौंडी के जवाहर पारा में 26वां शारदीय नवरात्र उत्सव

डोंडी। श्री नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति, जवाहर पारा द्वारा 26वें शारदीय नवरात्र उत्सव का आयोजन 10 से 19 अक्टूबर तक किया जा रहा है। उत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। 10 अक्टूबर को शाम 5 बजे गोरिल्ला डांस और धुमाल के साथ माता का भव्य आगमन होगा। 11 अक्टूबर को पंडित श्रीकांत द्विवेदी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता की स्थापना करेंगे। 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे पंचमी श्रृंगार और शाम 7 बजे महाआरती होगी। रात 10 बजे डौंडी पुलिस ग्राउंड में पूनम विराट तिवारी कृत 'रंग छत्तीसगढ़' की प्रस्तुति होगी। 18 अक्टूबर को शाम 4 बजे हवन एवं कन्या भोज होगा। 19 अक्टूबर को सुबह 11 बजे भंडारा और महाप्रसादी के बाद आतिशबाजी, विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागराज, राहतगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
25 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Vijay Vachhani
DrNB (Nephrology)
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
जुनवानी रोड, टी.आई. मॉल के पास, भिलाई
77228 80844, 0788-2294440
Deepak Ad./119/2